तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 19.2 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026



12 पंचामृत और ताजे फलों के रस से बालकनाथ...



13 महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी विधिक...










## दुर्ग जिला मुख्यालय में दो मूल्यांकन केंद्र, त्रुटियों को कम करने तीन स्तर पर जांची जाएगी उत्तरपुस्तिकाएं

# बोर्ड की 92 हजार उत्तर-पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आई, इस बार एक वेल्यूअर को 40 कॉपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बोर्ड परीक्षाएं समाप्त होने के साथ ही उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी दो दिन बाद यानी 16 मार्च से शुरू हो जाएगी। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस बार दुर्ग जिले में दसवीं और बारहवीं बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए दो केंद्र बनाए हैं। शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला और शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर दुर्ग को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। इन दोनों केंद्रों में 92 हजार उत्तरपुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए भेजी गई है। इस बार त्रुटिरहित उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हो इसके लिए कड़े नियम भी फालो करने पड़ेंगे। एक मूल्यांकनकर्ता को 20-20 कापियां एक दिन में जांच के लिए दी जाएगी। वहीं उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन तीन स्तर पर होगा। जिससे त्रुटियां सेंटर स्तर पर ही सुधार ली जाए।


मूल्यांकन के पहले वेल्यूअरों को प्रशिक्षण। जिसमें शामिल स्कूल के व्याख्यता।

### इस बार तीन स्तर पर होगी उत्तरपुस्तिकाओं की जांच, 10 प्रतिशत कापी डिप्टी वेल्यूअर और 5 प्रतिशत हेड करेंगे जांच

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के निर्देश के हिसाब से तीन स्तर पर उत्तरपुस्तिकाओं की जांच की जाएगी। पहले स्तर पर मूल्यांकनकर्ताओं को उत्तरपुस्तिका जांचने के लिए मिलेगी। सुबह 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक पहले हॉफ में उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएगी। लंच के बाद दोपहर 2 बजे से शाम 5.30 बजे क उत्तरपुस्तिकाओं की जांच का समय रहेगा। मूल्यांकनकर्ताओं के जांचने के बाद जितनी कापी जांची गई है उसकी डिप्टी वेल्यूअर 10 प्रतिशत कापी दोबारा जांचेगा। डिप्टी वेल्यूअर के जांच के बाद उनके द्वारा जांची गई कापियों की 5 प्रतिशत कापियों की हेड को जांच करना है। इसका प्रतिदिन रिकार्ड भी रखने कहा गया है ताकि कोई लापरवाही न हो। पहले आमतौर पर इस स्तर पर कापियां औपचारिक रूप से रेंडम जांच ली जाती थी।

### दसवीं की सबसे ज्यादा 65 हजार उत्तर-पुस्तिकाएं

शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग और शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर मूल्यांकन केंद्र में दसवी बोर्ड की सबसे ज्यादा उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएगी। शासकीय स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल दीपकनगर मूल्यांकन केंद्र में दसवी बोर्ड की 29हजार 110 उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए आई है। बारहवीं बोर्ड की 12 हजार 802 उत्तरपुस्तिकाएं आई है। कुल 41 हजार 912 उत्तरपुस्तिकाएं सभी विषयों की है। इसी तरह शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला दुर्ग में दसवीं की करीब 34 हजार उत्तरपुस्तिकाएं और बारहवीं बोर्ड की 16 हजार उत्तरपुस्तिकाएं भेजी गई है। इस तरह इस केंद्र में करीब 50 हजार उत्तरपुस्तिकाएं जांची जाएगी।

### 16 से मूल्यांकन

दोनों मूल्यांकन केंद्रों में बोर्ड ने दीगर जिलों की उत्तरपुस्तिकाएं जांच के लिए भेजी है। 16 मार्च से मूल्यांकन शुरू हो जाएगा। इस बार त्रुटिरहित मूल्यांकन पर फोकस किया गया है। इसलिए कापियों को निर्धारित संख्या से अधिक नहीं देंगे। पहले मूल्यांकन पूरा होने के बाद और कापियां वेल्यूअर को दे दी जाती थी। **-जे मनोहरण,** नोडल अधिकारी मूल्यांकन केंद्र

- मोबाइल फोन, हैंडबैग और पर्स प्रतिबंधित
- दसवी और बारहवीं की उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन के लिए व्याख्याताओं की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन में बड़ी संख्या में महिला व्याख्याताएं भी हैं। बोर्ड में मूल्यांकन केंद्रों के भीतर मोबाइल फोन, हैंडबैग और पर्स ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है।
- मूल्याकनकर्ता को उत्तरपुस्तिका प्रदाय करते समय किसी भी बण्डल को खोल कर किसी भी स्थिति में अलग-अलग नहीं करना है।
- प्रत्येक मूल्याकनकर्ता को संबंधित विषय का प्रश्न पत्र/आदर्श उत्तर एवं दो पृष्ठ कोरी फाईल/काउटर फाईल भी दी जाएगी।
- मूल्याकनकर्ता संबंधित विषय के प्रश्न पत्र विश्लेषण भी करेगा और उस आधार पर बोनस अंक भी दे सकता है।
- यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ में प्रश्न पत्र का सेट अंकित नहीं किया गया है या गलत सेट लिखा है. ती ऐसी परिस्थिति में परीक्षार्थी के प्रश्नों के उत्तर के आधार पर सही सेट अनुसार ही मूल्याकन करना है।
- यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा का माध्यम परिवर्तन किया गया है और त्रुटिवश उसकी कापी अन्य माध्यम के बण्डल में रखी गई है तो ऐसी कापियों का मूल्यांकन परीक्षार्थी द्वारा लिखे गये माध्यम के आधार पर होगा।
- उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन करने के बाद स्वयं उत्तरपुस्तिका से स्टीकर हटाकर प्राप्तांकों को फाईल / काउंटर फाईल शीट में लिखे रोल नंबर के सम्मुख अर्को एवं शब्दों में प्रविष्टि करेगा।
- किसी विषय के बण्डल में नकल प्रकरण वाली उत्तरपुस्तिका वेल्यूअर को मिलती है, तो उसका मूल्याकन नहीं किया करेगा।
- यदि किसी केंद्र में विषय के बंडल में लिखित संख्या से कम या ज्यादा उत्तरपुस्तिका प्राप्त होती है तो उस अनुक्रमांक की फाईल या काउंटर फाईल में मूल्यांकनकर्ता से प्रविष्टि कराने के बाद इसकी जानकारी निर्धारित प्रारूप में बोर्ड को भेजा जाएगा।

## अवैध शराब के 157 मामले किए दर्ज



**भिलाई।** जिले में अवैध शराब को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर 157 आबकारी मामले दर्ज किए है। पुलिस टीमों द्वारा सार्वजनिक स्थलों, संभावित संवेदनशील स्थानों, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान अवैध शराब गतिविधियों में संलिप्त पाए गए व्यक्तियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। जिसमें सुपेला 16, छावनी 3, पुरानी भिलाई 10, मोहन नगर 10, नगपुरा 3, जेवरा सिरसा 3, स्मृति नगर 4, वैशाली नगर 7, दुर्ग 4, पुलगांव 5, खुर्सीपार 8, जामुल 5, भिलाई नगर 6, कुम्हारी 4, नेवई 9, अंजोरा 1, पद्मनापुर 4, भिलाई भट्टी 5, नंदिनी नगर 6, बोरी 4, रानीतराई 8, धमधा 6, अमलेश्वर 2, उतई 18, जामगांव आर 3 थाने में कार्रवाई की गई। अभियान में जिले के सभी थाना प्रभारियों, विवेचना अधिकारीगण भूमिका रही है।







**खबर संक्षेप**

## पूर्व मंत्री कर्मा जयंती समारोह में होंगे शामिल



**दुर्ग।** प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने 15 मार्च को भक्त माता कर्मा की जयंती अवसर पर प्रदेश और क्षेत्र वासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में साहू समाज सहित सभी समाजों द्वारा भक्त माता कर्मा जयंती का पर्व बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। उनके जीवन से हमें श्रद्धा, भक्ति, नारी सम्मान और मानव सेवा की शिक्षा मिलती है। मां कर्मा का विराट व्यक्तित्व हम सभी को भक्ति के मार्ग पर चलते हुए लोगों की सेवा करने हेतु सदैव प्रेरित करता रहेगा।

## आबकारी विभाग में गड़बड़ी की, शिकायत

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ जनता युवा मोर्चा दुर्ग संभाग ने आबकारी विभाग में अनियमितता की शिकायत की है। इसे लेकर ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। अध्यक्ष अनुरुध वर्मा ने कहा कि आबकारी विभाग लगातार अनियमितता कर रहे हैं। नियम विरुद्ध बार लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। मामले में निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

### गौधाम योजना का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया वर्चुअल उद्घाटन

# निराश्रित और घुमंतू मवेशियों को मिलेगा ठिकाना, गौ सेवकों को रोजगार का अवसर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय कोनी में गौ-धाम योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री साय ने राज्य के सभी जिलों में गौ-धाम योजना का शुभारंभ वर्चअल जुड़कर किया। इस अवसर पर दुर्ग जिले के ग्राम उपरपोटी गौ-धाम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और प्रशासनिक अधिकारियों ने गाय को तिलक लगाकर, माला पहनाकर तथा लड्डू और गुड़ खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

ललित चंद्राकर ने कहा कि योजना का स्वरूप इस तरह तैयार किया गया है कि निराश्रित और घुमंतु गौवंशीय पशुओं की देखभाल के साथ-साथ चरवाहों और गौसेवकों को नियमित आय का स्थायी स्त्रोत उपलब्ध हो, जिससे ग्रामीण जीवन में आर्थिक स्थिरता और आत्मनिर्भरता आ सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, पवन शर्मा, जितेन्द्र यादव, कलेक्टर अभिजीत सिंह, सीईओ बजरंग दुबे, एसडीएम मिरी, डॉ. वसीम शम्स, सुरेन्द्र कौशिक, शिवेंद्र परिहार सहित अन्य मौजूद थे।

### गौ-धाम में गायों को खिलाया गया लड्डू और गुड़





**पशुधन संरक्षण को मिलेगी नई**

ललित चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने और पशुधन संरक्षण को नई दिशा देने के लिए गौधाम योजना का शुभारंभ किया गया। यह महत्वाकांक्षी योजना न केवल पशुधन की सुरक्षा और नस्ल सुधार को बढावा देगी बल्कि जैविक खेती, चारा विकास और गौ-आधारित उद्योगों माध्यम से गांव-गांव में रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी।

### प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी किया जाएगा विकसित

गौधाम योजना का उद्देश्य गौवंशीय पशुओं का संरक्षण एवं संवर्धन करना, गौ-उत्पादों को बढ़ावा देना, चारा विकास कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करना, ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा फसलों के नुकसान और दुर्घटनाओं में पशु एवं जनहानि से बचाव सुनिश्चित करना है। प्रत्येक गौधाम को प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाएगा। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि पशुओं का संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती थी। सड़कों पर घूमने वाले मवेशियों के कारण दुर्घटनाएं और किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही थीं। इन समस्याओं को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने गौ-धाम योजना शुरू की है। जिले के चारों गौ-धामों का संचालन स्थानीय समूहों के माध्यम से किया जाएगा और उन्हें अनुदान राशि भी प्रदान की जाएगी।

# लोक अदालत प्रकरणों का निराकरण नहीं, बल्कि सुलह से न्याय दिलाने का मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय दुर्ग में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा आयोजन में प्रमुख रूप से शामिल हुए। पोर्टफोलियो जज के एनसीसी ने कैडेट्स के अनुशासित दस्ते के रूप में उनकी अगवानी की। न्यायाधीश रमेश सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत केवल प्रकरणों के बोझ को कम करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह समाज में सुलह से न्याय की भावना को स्थापित करने का एक सशक्त मंच है। विधिक जागरुकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस प्रकार के आयोजन किए जाते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व पर आधारित एक विशेष पंडवानी गीत का विमोचन किया गया। न्यायमूर्ति नरेश कुमार चंद्रवंशी कार्यक्रम में मौजूद थे।

**नुक्कड़ नाटके के जरिए लोक अदालत की महत्ता को किया प्रदर्शित :** कार्यक्रम में सांस्कृतिक उत्साह का संचार करते हुए जिला न्यायालय बार के सदस्यों की सांस्कृतिक एवं नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा न्यायालय परिसर में इस विशेष पंडवानी गायन एवं गीत प्रदर्शित किया गया। गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में इस दी गयी उपस्थिति की विशेष सराहना की गयी। बार के सदस्यों द्वारा कला के माध्यम से विधिक जागरुकता फैलाने के इस अनूठे प्रयास ने सभी का मन मोह लिया। प्रकरणों के निराकरण के लिए 39 पीठों का गठन किया गया।



### 10.13 लाख प्रकरणों को आपसी सहमति के सुलझाया गया

सघन प्रयासों के फलस्वरूप कुल 10,13,826 प्रकरणों को आपसी समझौते हेतु रखा गया, जिनमें से कुल 10,13,730 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। इन प्रकरणों के निपटारे के माध्यम से कुल 49,60,31,667 रुपये की समझौता एवं अवार्ड राशि पारित की गई, जिससे वर्षों से लंबित विवादों का अंत हुआ और पक्षकारों को त्वरित राहत प्राप्त हुई। समझौता योग्य आपराधिक मामले, दीवानी वाद और चेक बाउंस के मामले शामिल थे। काउंसलिंग के माध्यम से बिछड़े हुए जोड़ों ने पुनः एक साथ रहने का निर्णय लिया।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कराया गया भोजन

जन-सेवा और मानवीय संवेदनाओं का अनूठा उदाहरण देखने को मिला। न्यायालय परिसर में आए पक्षकारों, अधिवक्ताओं एवं आमजन के लिए एक समाजसेवी संस्था की ओर से निःशुल्क लंगर की व्यवस्था की गई। इसके साथ ही केन्द्रीय जेल दुर्ग के बंदियों द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगायी गयी तथा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारी, पुलिस प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# 17 को कांग्रेस का विस मार्च, रैली की शक्ल में पहुंचेंगे दुर्ग के कार्यकर्ता



**दुर्ग।** नशाखोरी के खिलाफ कांग्रेस का आंदोलन जारी है। 17 मार्च को रायपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव की तैयारियों को लेकर शनिवार को बैठक हुई। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। यह प्रदर्शन मनरेगा बचाव संग्राम, जनहित के मुद्दों, प्रदेश में बढ़ती अराजकता, नशाखोरी एवं अफीम की अवैध खेती के विरोध में किया जा रहा है।

बैठक की प्रभारी सीमा वर्मा, पूर्व महापौर नीति लोधी दुर्ग राजीव गांधी पहुंची।इस दौरान बूथ कमेटी एवं बीएलए-2 को मतदाता सूची के अवलोकन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, साथ ही वार्ड एवं मंडल स्तर पर वरिष्ठ कांग्रेसजनों को समन्वयक के रूप में नियुक्त करने का एजेंडा भी बैठक में शामिल रहा, ताकि संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाया जा सके। इस अवसर पर प्रतिमा चंद्राकर, आरएन वर्मा, दीपक दुबे, रत्न नारनदेव, राजेश यादव, अल्ताफ अहमद, देवश्री साहू, मनीषा बघेल सहित अन्य मौजूद थे। इस अवसर पर दुर्ग शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि प्रदेश में जनहित के मुद्दों की लगातार अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं प्रदेश में बढ़ती अराजकता, नशाखोरी और अफीम की अवैध खेती गंभीर चिंता का विषय है। कांग्रेस पार्टी हमेशा जनता की आवाज उठाती रही है

# दुर्ग-भिलाई के तीन मुक्तिधाम का डेढ़ करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण, मिली मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



हाईकोर्ट के निर्देशों के बाद जिले सहित प्रदेश के मुक्तिधामों के उन्नयन और सौंदर्यीकरण से जुड़े कार्यों को मंजूरी मिल गई है। अब मुक्तिधामों के विकास, सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्यों के लिए प्रावधिक राशि का उपयोग किया जा सकेगा। महापौर अल्का बाघमार ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रयासों से यह संभव हो पाया। दुर्ग में बोरसी और शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में 50-50 लाख रुपए की राशि से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। जल्द ही इसका काम शुरू होगा। बता दें कि भिलाई के रामनगर मुक्तिधाम के लिए भी 50 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा बीरगांव में उरकुरा मुक्तिधाम 50 लाख, सरोरा मुक्तिधाम 50 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। राजनांदगांव के लिए 42.50 लाख 50 लाख रुपये स्वीकृत नगर पालिक निगम चिरमिरी के 49.99 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं रायगढ़ नगर निगम 6.56 लाख रुपये स्वीकृत किए आरंग नगर पालिका 41.10 लाख रुपये, गोबरानवापारा नगर पालिका 26.93 लाख रुपये तथा कवर्धा नगर पालिका 50 लाख सहित अन्य निकायों में मुक्तिधाम के लिए राशि स्वीकृत की गई है। मुक्तिधामों में साफ-सफाई, पानी, प्रकाश, शेड, बैठने की व्यवस्था, शौचालय, कर्मचारियों की नियुक्ति, अंतिम संस्कार का रिकॉर्ड तथा शिकायत निवारण हेल्पलाइन जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रदेशभर के मुक्तिधामों की व्यवस्था बेहतर और सम्मानजनक बनाई जा सके।






हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 15 मार्च 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]




### होटल संचालक डीजल, लकड़ी और कोयले के चूल्हे का सहारा लेने को मजबूर

# जिले में नहीं मिल रहा कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, डोमेस्टिक के लिए मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग जिले में गैस सिलेंडर को लेकर पिछले कई दिनों से सिलेंडर की मारामारी जारी है। कामर्शियल गैस सिलेंडर ना मिलने से होटलों के शटर डाउन हो रहे हैं। गैस एजेंसी में सीधे तौर पर मना कर दिया जा रहा है कि कामर्शियल गैस सिलेंडर का स्टॉक नहीं है। वहीं डोमेस्टिक के लिए जब लोग ऑनलाइन बुकिंग कर रहे हैं तो बुकिंग भी नहीं हो रही है। इससे लोगों को एजेंसी के सामने लंबी लाइन लगानी पड़ रही है।



### ऋतुराज गैस एजेंसी के सामने लंबी लाइन

भिलाई के सुपेला आकाश गंगा में स्थित ऋतुराज इंडेन गैस एजेंसी में सुबह से लंबी लाइन डोमेस्टिक और कामर्शियल गैस सिलेंडर लेने वाले लोगों की लगी हुई पाई गई। जब एजेंसी के कर्मचारी से बात की गई तो उसने कामर्शियल गैस सिलेंडर मिलने से सीधे मना कर दिया और लोगों को बैरंग लौटा दिया जा रहा था। साथ ही साथ डोमेस्टिक गैस सिलेंडर के लिए ऑनलाइन बुकिंग करने की बात कही जा रही थी। लोग मैनुअल बुकिंग की मांग करते तो उनकी पर्ची भी नहीं काटी जा रही है। इससे लोग गैस सिलेंडर के लिए भटक रहे हैं।

### रवि गैस एजेंसी में भी यही हाल

कैलाश नगर में स्थित रवि गैस एजेंसी की बात करें तो यह भारत गैस सिलेंडर की एजेंसी है। यहां ना तो कामर्शियल गैस सिलेंडर है और ना डोमेस्टिक। गैस एजेंसी के कर्मचारी से बात करने पर उन्होंने कहा कि कामर्शियल का स्टॉक उनके पास नहीं है। वहीं डोमेस्टिक गैस सिलेंडर के लिए उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग की बात कही और कहा कि बुकिंग होते ही गैस सिलेंडर उनके पते पर पहुंचाया जाएगा।

### वंदना में भी लग रही लंबी लाइन

कैलाश नगर स्थित इंडेन से जुड़ी वंदना गैस एजेंसी में भी लोगों की लंबी लाइन सिलेंडर पाने के लिए लगी मिली। यहां भी ना तो कामर्शियल ना डोमेस्टिक गैस सिलेंडर दिया गया। घर में उपयोग होने वाले डोमेस्टिक सिलेंडर के लिए उन्होंने ऑनलाइन बुकिंग करने करने की बात कही और घर पहुंच सेवा से ही सिलेंडर मिलने की बात कही।

# कॉमर्शियल गैस की किल्लत से होटल कारोबार प्रभावित, कई बंद होने की कगार पर





### फास्ट फूड कारोबारी को ब्लैक में मिला कॉमर्शियल सिलेंडर



कोहका इलाके में गैस की किल्लत का असर अब छोटे कारोबारियों पर साफ दिखने लगा है। फास्ट फूड कारोबार करने वाले व्यापारी भी इससे खासे परेशान हैं। कोहका के फास्ट फूड व्यापारी मोहम्मद शोएब ने बताया कि उन्हें कॉमर्शियल गैस सिलेंडर नहीं मिलने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गैस की नियमित आपूर्ति नहीं होने से उनका रोज का काम प्रभावित हो रहा है। मोहम्मद शोएब के मुताबिक उन्हें आज एक कॉमर्शियल सिलेंडर तो मिला, लेकिन वह भी ब्लैक में। इसके लिए उन्हें करीब 3500 रुपये खर्च करने पड़े, जो सामान्य कीमत से काफी ज्यादा है।

### मिठाई कारोबार प्रभावित,डीजल चूल्हे से काम चला रहे व्यापारी



गैस की किल्लत का असर अब मिठाई कारोबार पर भी पड़ने लगा है। रामनगर भिलाई के मिठाई दुकान संचालक गनन ने बताया कि उन्हें इंडेन, भारत और एचपी किसी भी गैस एजेंसी से कॉमर्शियल सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो रहा है। गैस की सप्लाई ठप होने से व्यापारियों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने बताया कि दुकान में मौजूद कॉमर्शियल सिलेंडर का जो स्टॉक था, वह भी अब खत्म होने की कगार पर है। ऐसी स्थिति में उन्हें मजबूरी में दुकान में इमरजेंसी के लिए रखे डीजल चूल्हे को चालू करना पड़ा है, ताकि काम किसी तरह जारी रखा जा सके। दुकानदार का कहना है कि अगर जल्द गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो मिठाई और होटल कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो सकता है।

### हथियार की ऑनलाइन डिलीवरी, कंपनी के दो कर्मी गिरफ्तार

भिलाई। धारदार हथियार के ऑनलाइन डिलवरी करने वाले दो कर्मियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से प्रतिबंधित धारदार हथियार की आपूर्ति करने पर एरिया मैनेजरऔर डिलीवरी मैनेजर मदनमोहन रोड, बनमाली करमगंज, असम निवासी लोकोप्रियो बानिक, शंकर नगर वार्ड 9, मुक्तिधाम के पास मोहन नगर विवेक वर्मा को पकड़ा गया है। प्रकरण में डिजिटल साक्ष्य और दस्तावेजों के आधार पर कार्रवाई आरोपी न्यायिक रिमाण्ड पर भेजे गए है। बोरसी पदमनाभपुर निवासी सुमन मारकण्डे ने शिकायत किया की रात को आरोपी प्रकाश यादव द्वारा रंजिश के चलते उनके पति शिवनंदन मारकण्डे पर हत्या करने की नियत से धारदार हथियार से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई थी। आरोपी को जेल भेजा दिया गया है।






## वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन से महाभंडारे की तैयारी शुरू

- 25 क्विंटल आटे से करीब 1 लाख रोटी
- 3 टन काबुली चने की सब्जी
- 2 टन देशी घी का हलवा, 1 टन दाल, 2 टन टमाटर चटनी, 2 टन खिचड़ी



**लाइव इवेंट**

## साईं भक्तों ने निकाली साईनाथ बाबा की शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत



**भिलाई।** हर साल की तरह इस वर्ष भी साईं भक्तों द्वारा साईंनाथ पालकी शोभा यात्रा का भव्य आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। आयोजनकर्ता गुलाब बाबा ने बताया कि यह धार्मिक आयोजन पिछले कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है, जिसमें हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर साईं बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत शाम को भक्ति भाव के माहौल के साथ हुई। शाम साढ़े 7 बजे से भव्य भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें साई भक्तों और स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियां देकर वातावरण को पूरी तरह साईंमय बना दिया।

भजनों की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरे परिसर में साईं राम के जयकारे गूंजते रहे। कार्यक्रम के दौरान साईंनाथ पालकी शोभा यात्रा भी निकाली गई, जिसमें साईं बाबा की सुंदर झांकी और सुसज्जित पालकी आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने पालकी के साथ चलकर भक्ति भाव से साईं बाबा का गुणगान किया।

इस आयोजन का विशेष आकर्षण पांच घोड़ों का नृत्य रहा, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। घोड़ों के आकर्षक नृत्य और कलाकारों की प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया और कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं के लिए साईं भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यह धार्मिक आयोजन साईं गार्डन, सड़क क्रमांक-6, गायत्री मंदिर के पास, मॉडल टाउन, भिलाई में संपन्न हुआ। आयोजनकर्ता गुलाब बाबा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम समाज में धार्मिक आस्था, भाईचारा और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। साथ ही उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का कार्यक्रम में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया।



**बालकनाथ मंदिर में उत्सव : खुर्सीपार सेक्टर-11 में बालकनाथ महायज्ञ का 62वां वर्ष, आज भव्य आयोजन**

# पंचामृत और ताजे फलों के रस से बालकनाथ का किया अभिषेक, रसोई की पूजा कर 40 हजार से ज्यादा भक्तों के लिए प्रसाद तैयार करना शुरू

**भिलाई। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा बालकनाथ महायज्ञ, पूजन और अनुष्ठान का चार दिवसीय आयोजन शुरू हो चुका है। शनिवार को आयोजन का दूसरा दिन रहा। सुबह करीब 9 बजे विधि-विधान से पूजा-अर्चना शुरू की गई। दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से क्रमवार बाबा का अभिषेक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इसके बाद उनका श्रृंगार किया गया। विभिन्न प्रकार के मिठाई एवं फलों से भोग लगाकर भव्य आरती की गई। जिसके बाद भक्तों ने भंडारे के प्रसाद ग्रहण किया। शनिवार को 51 फीट के मुख्य ध्वजा को बदल कर नया झंडा लगाया गया। अभिषेक और ध्वज कार्यक्रम में कांतिलाल शर्मा, विपिन ओझा, अनिल अग्रवाल, संजय ओझा, पतराम अग्रवाल, आशीष खंडेलवाल, पवन जैन, महेश छत्तीजा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए। इसके बाद रविवार दोपहर 12.10 बजे शुरू होने वाले विशाल भंडारे के लिए प्रसाद तैयार करने रसोई में भट्टी की पूजा-अर्चना कर शुरूआत की गई। आयोजकों ने बताया कि रविवार होने के चलते इस बार करीब 40 से 50 हजार भक्तों के लिए प्रसाद तैयार किया जा रहा है।**

### भट्टी की पूजा-अर्चना कर महाभंडारे बनाने की हुई शुरुआत

शनिवार की शाम होते ही भट्टी की पूजा अर्चना करके रविवार को होने वाले विशाल महाभंडारे की तैयारी शुरू कर दी गई। हर साल तरह इस बार भी बाबा बालकनाथ मंदिर खुर्सीपार में आयोजित 4 दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न भागों से भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया है। आयोजन के तीसरे दिन रविवार को महाभंडारा में करीब 40 से 50 हजार श्रद्धालुओं के प्रसाद लेने की संभावना है। भंडारे में 25 क्विंटल आटे से करीब 1 लाख रोटी, 3 टन काबुली चने की सब्जी, 2 टन देशी घी का हलवा, 1 टन दाल, 2 टन टमाटर चटनी, 2 टन खिचड़ी सहित लगभग 35 टन का भोग सेवादारों दवरा बनाया जायेगा। जिसके लिए सैकड़ों सेवादार पूरी रात प्रसाद बनाते है। आयोजन में मुख्य रुप से त्रिलोकसिंह, आशीष जैन, परमजीत पम्मा, आशीष भसीन, पवन अग्रवाल सहित अन्य सदस्य विशेष योगदान दे रहे है।





### आयोजन की पूर्णाहुति और भजन संध्या कल

आयोजन समिति से जुड़े सदस्यों ने बताया कि 15 मार्च को प्रमुख आयोजन के बाद भी कार्यक्रम होगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 16 मार्च को होगी। शाम 4 बजे तक महायज्ञ के सारे अनुष्ठान संपन्न कराएंगे, इसके बाद पूर्णाहुति होगी। इसके बाद भजन संध्या का कार्यक्रम होगा, जिसमें मंदिर समिति के सदस्य प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। शाम के समय एक छोटा भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन-संध्या में शामिल होने वाले भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। उन्होंने बताया कि आयोजन में लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है।



### फूलों से मंदिर की हुई सजावट

आयोजकों में कांतिलाल शर्मा, संजय ओझा ने बताया कि बाबा बालकनाथ महायज्ञ का यह 62वां वर्ष है। प्रतिवर्ष इसकी प्रसिद्धि बढ़ते जा रही है। महायज्ञ और महाभंडारे के चार दिवसीय ओयजन के लिए मंदिर को रंग-बिरंगे खूबसूरत फूलों से सजाया गया है। साथ ही मंदिर में बाबा की प्रतिमा को भी सुहधित इत्र और फूलों से अलंकृत किया गया है। 15 मार्च को सुबह 9 बजे महायज्ञ शुरू होगा। मंदिर के पुजारी की सारे अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। महायज्ञ में विधि-विधान से मंत्रोच्चार, हवन-पूजन होगा। दोपहर 12.10 बजे से भंडारा शुरू होगा, जिसमें 40 हजार से ज्यादा लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। पूरे दिन भंडारा का आयोजन होगा। शाम के समय भजन का कार्यक्रम होगा। पूरे मंदिर परिसर में जय बाबेरी की गूंज सुनाई देगी। पूरे मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। इस कार्य में पूरे खुर्सीपार क्षेत्र की महिलाएं जुटी हुई हैं। आयोजन में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, भिलाईनगर विधायक देवेंद्र यादव, महापौर नीरज पाल, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह शामिल होंगे।

### रक्तदान और जांच शिविर आज

आयोजन स्थल पर स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार की सुबह 10 से शाम 6 बजे तक शिविर लगाया जाएगा।

# भक्त माता कर्मा की आरती कर जिला साहू संघ के नए कार्यकारिणी ने ली शपथ

**भिलाई।** जिला साहू संघ भिलाई नगर द्वारा होली मिलन समारोह तहसील साहू भवन उमदा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा की आरती से हुई। जिला साहू संघ के अध्यक्ष चंद्रभूषण साहू ने कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारियों को प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू द्वारा पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई साथ ही मनोनयन प्रमाण पत्र सौंपा गया। होली मिलन कार्यक्रम में क्षेत्रीय साहू मित्र सभा केंप 1 के अध्यक्ष रिखीराम साहू की फाग गीत मंडली की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जिसने उपस्थित अतिथियों सहित सभी सामाजिक पुरूषों और महिलाओं को होली के रंग में रंगकर नगाड़े की थाप पर थिरकने पर मजबूर कर दिया। सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

कार्यक्रम में छग प्रदेश साहू संघ के संगठन सचिव डॉ. सुनील साहू , महामंत्री राजेश साहू, संगठन सचिव रागिनी साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका दिव्या कलिहारी, कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू, रामकिशुन साहू, जिला साहू संघ भिलाई के संरक्षक हरिद्वारिका साहू, सलाहकार खिलावन साहू , अमोल दास साहू , तुलसी साहू, वीरेंद्र साहू , तहसील अध्यक्ष खेदराम साहू, जनकराम साहू, डॉ. कामता साहू, भिलाई चरोदा की उपाध्यक्ष रीना साहू, साहू मित्र सभा से परसराम साहू, हीराशंकर साहू, रंजना साहू, दीपेश्वरी साहू, भरतराम साहू, नेमदत्त साहू , हेमा साहू, कुमन साहू, देवेश साहू सहित सभी तहसीलों के अनेक सामाजिक जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में तहसील साहू संघ भिलाई 3 चरोदा एवं उनके कोषाध्यक्ष लेखराम और इकाई साहू समाज उमदा का विशेष योगदान रहा।



# बीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के नतीजे घोषित, शत-प्रतिशत रहा छात्राओं का परिणाम



**भिलाई।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा घोषित बी एड प्रथम सेमेस्टर और तृतीय सेमेस्टर के परिणामों में भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा हॉस्पिटल सेक्टर में संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन का क्रम जारी रखा हैं। महाविद्यालय की बीएड प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर का रिजल्ट सौ प्रतिशत रहा। बी एड प्रथम सेमेस्टर के घोषित परिणामों के आधार पर प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से एस.मानसी 85.25 प्रतिशत व अल्फिया हुसैन 85.25 प्रतिशत, द्वितीय नीतू भूते 83.25 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से हिना 83 प्रतिशत व भीनी साहू 83 प्रतिशत रही। इसी प्रकार तृतीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान पर भावना सिंह 86 प्रतिशत, द्वितीय पूर्णिमा दास 85.71 एवं तृतीय स्थान पर के.अरुणा 81.7 प्रतिशत रही। भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी विजय कुमार गुप्ता भिलाई महिला महाविद्यालय के चेयरमैन अरविंद जैन, भिलाई महिला महाविद्यालय की प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस और शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मोहना सुशांत पंडित, अन्य सहायक प्राध्यापिकाएं डॉ.हेमलता सिदार, डॉ.भावना चौहान, नाजनीन बेग, आशा आर्य, काकोली सिंघा, सत्यम मिश्रा रोमा टंडन ने छात्राओ की इस उल्लेखनीय सफलता पर उन्हें बधाई दी।

**सिटी इवेंट**

## परिवार, विश्वास और भविष्य को मिलता है मुस्कान संवाद से नया सहारा



**भिलाई।** ईश्वर को शास्त्रों में सच्चिदानंद स्वरूप कहा गया है यानी सत्य, चेतना और आनंद का साकार रूप। इस विषय पर मुस्कान संवाद संगोष्ठी का आयोजन किया गया था। इस दौरान संगोष्ठी के वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि जब ईश्वर स्वयं आनंद स्वरूप है, तो उसके भक्तों के चेहरे पर उदासी और तनाव क्यों दिखाई देते हैं? कई बार लोग भक्ति तो करते हैं, पर उनके चेहरे पर प्रसन्नता नहीं होती, जबकि सच्ची भक्ति का पहला लक्षण ही है आनंदित और संतुलित जीवन को कहा गया है। मुस्कान केवल सामाजिक शिष्टाचार नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और ईश्वर में विश्वास की सबसे सरल अभिव्यक्ति है।

- बच्चों का व्यक्तित्व और आत्मविश्वास बढ़ाने मुस्कान संगोष्ठी का आयोजन

आचार्य ने धर्म के वास्तविक स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धर्म केवल मंदिर, घंटी, पूजा या कर्मकांड तक सीमित नहीं है। धर्म का वास्तविक अर्थ है व्यक्तित्व का विकास और परोपकार की भावना है। विशेष रूप से वर्तमान पीढ़ी की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज के बच्चे और युवा अपने करियर, प्रतिस्पर्धा, भविष्य की अनिश्चितता और सामाजिक दबाव के कारण मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं। ऐसे समय में उन्हें डांटने वाले नहीं, बल्कि ऐसे सच्चे मार्गदर्शकों की आवश्यकता है जो बिना टोका-टाकी के सही दिशा दिखाएं, उनका आत्मविश्वास बनाए रखें और उनके भीतर की क्षमता को पहचानने में सहायता करें। इसी उद्देश्य को लेकर मुस्कान संवाद संगोष्ठी जैसी पहल की जा रही है।

इन बैठकों में घर-परिवार, माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद स्थापित कर उनकी मनोवैज्ञानिक, वैचारिक और भावनात्मक समस्याओं को समझने और सुलझाने का प्रयास किया जाता है, ताकि परिवारों में सामंजस्य बना रहे और बच्चों का व्यक्तित्व आत्मविश्वास के साथ विकसित हो सके। वर्तमान में रायपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, राजनांदगांव के साथ-साथ दिल्ली और मुंबई जैसे महानगरों में भी इस प्रकार की संवाद बैठकों के माध्यम से लोगों को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है। मुस्कान संगोष्ठी के आयोजन में शिव अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष वैदिक सत्संग समिति, पुरुषोत्तम अग्रवाल, राव साहब, अशोक त्रेहन, मधु त्रेहन, राव जयश्री, शशि जायसवाल और सिद्धार्थ की उपस्थिति रही।

**तेलीगुण्डरा की सखी महिलाओं ने बटन मशरूम को बनाया अपनी सशक्त पहचान**

# मशरूम उत्पादन कर मास्टर ट्रेनर बनीं ग्रामीण महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होकर दे रही रोजगार-प्रशिक्षण

**कार्नर न्यूज**

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में नारी शक्ति समाज की पुरानी सोच को बदल रही है। ग्राम तेलीगुण्डरा की सखी महिला स्व सहायता समूह' की महिलाओं ने यह साबित कर दिया है कि अगर सही मार्गदर्शन मिले, तो ग्रामीण महिलाएं भी किसी से पीछे नहीं हैं। इन महिलाओं ने बटन मशरूम उत्पादन का बीड़ा उठाया और आज वे अपने काम के दम पर अपनी अलग पहचान बना चुकी हैं। इस समूह में कुल 12 महिलाएं शामिल हैं, जो मशरूम उत्पादन के कार्य में जुटी हुई हैं।



### महिलाओं को गांव में मिले रोजगार के नए अवसर

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से प्रेरित होकर काम शुरू किया। समूह की महिलाओं ने शुरुआत में एक उपयुक्त स्थान की चुनौती थी, जिसे ग्राम पंचायत के सरपंच ने भवन उपलब्ध कराकर दूर किया। आज आधुनिक उपकरणों और बेहतर प्रबंधन के जरिए ये महिलाएं सफलतापूर्वक मशरूम उगा रही हैं। शुरुआती दौर में केवल 45 बैग से शुरू हुआ यह सफर आज सालाना 80 हजार रुपये की शुद्ध आय तक पहुंच गया है। इससे इन महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है और उन्हें अपने ही गांव में रोजगार के नए अवसर भी मिले हैं।

### घरेलू आवश्यकताओं को कर रहीं पूरा

सखी स्व सहायता समूह की यह सफलता केवल आमदनी तक सीमित नहीं है। समूह को प्राप्त 15 हजार रुपये की चक्रीय निधि का उपयोग महिलाएं अपनी घरेलू आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कर रही हैं। जिसमें सबसे मुख्य बात यह है कि कभी खुद ट्रेनिंग लेने वाली ये महिलाएं आज इतनी सशक्त हो गई हैं कि वे मास्टर ट्रेनर के रूप में दूसरी ग्राम पंचायतों के समूहों को भी प्रशिक्षण दे रही हैं। बिहान योजना के अधिकारियों के सहयोग और अपनी कड़ी मेहनत के बल पर, ये महिलाएं आज गर्व के साथ अपने पैरों पर खड़ी हैं और अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी हुई हैं।



## सिटी इवेंट

### हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की अमूल्य परंपरा है फाग गीत



**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम थनौद, बिरेझर, चंगोरी, खाड़ा, मासाभाट, आलबरस और ग्राम अछोटी में आयोजित दो दिवसीय फाग महोत्सव और झांकी कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। उन्होंने फाग गायकों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण अंचलों की यह कला हमारी असली धरोहर है, जिसे सहेज कर रखना हम सभी का दायित्व है।

- विभिन्न गांवों में आयोजित फाग गायन और झांकी प्रतियोगिता में हुए शामिल पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू

ताम्रध्वज साहू ने कहा कि होली आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है और ऐसे आयोजनों से हमारी लोक संस्कृति जीवित रहती है। फाग गीत हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति की अमूल्य परंपरा है, जो युगों से चली आ रही है। फागुन माह में गांव और शहरों में जगह-जगह फाग गीत प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है, जिसमें ग्रामीण एकजुटता के साथ भाग लेकर आपसी भाईचारे और मिलजुलकर रहने का संदेश देते हैं। उन्होंने कहा कि होली जैसा हृदय को आनंदित करने वाला दूसरा कोई पर्व नहीं है। ऐसे आयोजनों में आप सभी के बीच पहुंचना मेरे लिए केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि परिवार से मिलने जैसा अनुभव होता है। फाग के मधुर गीत, ढोल-नगाड़ों की थाप और रंगों में घुला भाईचारा हमारी लोकसंस्कृति की जीवंत पहचान है। ताम्रध्वज साहू ने फाग गायकों के उत्साह की सराहना करते हुए सभी के सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर देवेंद्र देशमुख, राकेश हिरवानी, रिवेन्द्र यादव, रुपेश देशमुख, लजकुमार, हीरामन देशमुख, नंदकुमार साहू, देवलाल साहू, आशा देशमुख सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



## समाज लाइव

### मौन धारण कर दिवंगत पेरी पद्मा को तेलुगु समाज ने दी श्रद्धांजलि



**भिलाई।** आंध्र साहित्य समिति के तत्वावधान में आंध्र महिला मंडली की अध्यक्ष एवं समाजसेवी पेरी पद्मा के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई। बालाजी मंदिर के सभागार में गमगीन माहौल में आयोजित इस शोकसभा में बड़ी संख्या में उपस्थित तेलुगु समाज के लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी और उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पेरी पद्मा का हाल ही में निधन हो गया था। पेरी पद्मा पिछले दस सालों से अध्यक्ष पद की बागडोर संभाले हुए थीं। शोकसभा में आंध्र साहित्य समिति के अध्यक्ष पीवी राव, सचिव पीएस राव, उपाध्यक्ष बी अकमु नायडु, कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, सह सचिव के लक्ष्मीनारायण व एस रवि, इंदिरा, लीलावती, वी प्रभाराव, अनंत लक्ष्मी, विजय निर्मला, नागकुमारी, पद्मजा, नीलम माला, पुष्पलता रेड्डी, महेश्वरी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

- तेलुगु समाज ने दिवंगत पेरी पद्मा की शोकसभा में कार्यो और निष्ठा को किया याद



### ग्लूकोमा ऐसी बीमारी जो धीरे-धीरे आंखों की ऑप्टिव नर्व को पहुंचाती है नुकसान



**दुर्ग।** विश्व ग्लूकोमा सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान नियमित रूप से कार्यशाला और प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया जा रहा है। डॉ. ऋचा वर्मा ने बताया कि यह बिना किसी स्पष्ट लक्षण के धीरे-धीरे आंखों की ऑप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचाता है। कई बार तब तक पता नहीं चलता जब तक दृष्टि को काफी नुकसान नहीं हो जाता। 40 वर्ष से अधिक आयु के लोग, डायबिटीज़ के मरीज या जिनके परिवार में ग्लूकोमा का इतिहास है, उन्हें नियमित रूप से सम्पूर्ण नेत्र परीक्षण कराना चाहिए।

- जिले में मनाया जा रहा डब्लूएचओ के निर्देश पर विश्व ग्लूकोमा सप्ताह

इंट्राऑक्युलर प्रेशर की जांच से ग्लूकोमा का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है। किसी को भी यह बीमारी है, तो आपको भी नियमित जांच करानी चाहिए। ग्लूकोमा का निदान हो जाए, तो डॉक्टर द्वारा दी गई आई ड्रॉप्स और दवाओं का नियमित रूप से उपयोग करें और बिना सलाह के दवा बंद न करें। स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, डायबिटीज़ और ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखें, नियमित व्यायाम करें और धूम्रपान से बचें। ग्लूकोमा अक्सर बिना चेतावनी के आता है, लेकिन एक साधारण आंखों की जांच आपकी दृष्टि बचा सकती है।

● शाल भेंट और मोती माला पहनाकर विशिष्ट महिलाओं को किया सम्मानित

# महिलाओं के अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी विधिक जानकारियां की शेयर, फाग गीतों पर झूम उठे लोग

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा दुर्ग द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए फाग गीतों के साथ फूलों, अबीर और प्राकृतिक गुलाल से होली खेली गई, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। इस दौरान महिलाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा से जुड़ी विधिक जानकारियां भी दी गईं। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भारती साहू ने किया। कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चन्द्राकर द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत शॉल भेंट कर और मोती माला पहनाकर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला महामंत्री दिलीप साहू, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री शीतल नायक, प्रदेश महिला मोर्चा मंत्री कुमुद बघेल, प्रदेश महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य कनक दुबे, अंजू तिवारी, ममता देवांगन, समाजसेवी रजनी विजय बघेल, महापौर अलका बाघमार, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्रकार, जिला उपाध्यक्ष सरिता मिश्रा, गायत्री वर्मा, जयश्री राजपूत, कीर्ति नायक, मीना वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष कुमारी श्वेता अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धमधा उमा भारती साहू, मीडिया प्रभारी श्वेता बक्शी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।0। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी के बिना समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



### महिलाओं को नेतृत्व का मिले अवसर, समाज होगा मजबूत और समृद्ध

महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक ने कहा कि महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व के अवसर मिलने से समाज अधिक मजबूत और समृद्ध बनता है। आज महिलाएं राजनीति, प्रशासन, शिक्षा, व्यापार और सामाजिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। हमें महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए, ताकि वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ सकें। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो महिलाओं को सम्मान और नेतृत्व का अवसर देती है। उन्होंने महिलाओं से सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।




### एक-दूसरे को रंग लगाकर बांटी खुशियां

कार्यक्रम के दौरान महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने फाग गीतों के साथ फूलों, अबीर और प्राकृतिक गुलाल से होली खेली। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण सभी त्यौहार मनाने का संदेश भी दिया। भाजपा महिला मोर्चा दुर्ग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता, विभिन्न महिला समूहों की सदस्य एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने महिला एकता, उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम अंत में आभार महामंत्री ममता राव ने किया।

## किडनी का ट्रांसप्लांट सफल

# ममता और त्याग की मिसाल बनकर मां ने दिया बेटे को नया जीवन



**भिलाई।** ममता और त्याग की मिसाल बनकर एक मां ने अपने बेटे को नया जीवन दिया है। शहर के आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में एक बेहद भावुक और सफल किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन ने उम्मीद की नई किरण जगा दी।बालोद जिले के 37 वर्षीय उमेश साहू पिछले लगभग एक वर्ष से गंभीर किडनी बीमारी से जूझ रहे थे। उनकी हालत इतनी नाजुक हो गई थी कि उन्हें नियमित रूप से डायलिसिस कराना पड़ रहा था। हर गुजरता दिन परिवार के लिए चिंता और पीड़ा लेकर आता था। डॉक्टरों ने जब किडनी ट्रांसप्लांट की सलाह दी, तो बेटे की जिंदगी बचाने के लिए उसकी मां शकुन बाई बिना एक पल की झिझक के आगे आ गईं। मां के दिल में बस एक ही ख्याल था अगर मेरी किडनी से मेरे बेटे की जिंदगी बच सकती है, तो इससे बड़ा सुख और क्या होगा। मां के इस त्याग और डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम की मेहनत से ऑपरेशन सफल हुआ। इस जटिल किडनी ट्रांसप्लांट को किडनी ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. नवीन राम दारुका और किडनी ट्रांसप्लांट फिजिशियन डॉ. आरके साहू की संयुक्त टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। ऑपरेशन के बाद सबसे सुखद खबर यह है कि मां और बेटा दोनों स्वस्थ हैं और डॉक्टरों की निगरानी में तेजी से रिकवरी कर रहे हैं।

**अस्पताल में हुए अब तक तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट :** अस्पताल प्रबंधन के अनुसार, जून 2024 में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में पहला किडनी ट्रांसप्लांट किया गया था। इसके बाद से अब तक कुल तीन सफल किडनी ट्रांसप्लांट हो चुके हैं। यह उपलब्धि इस बात का संकेत है कि अब छत्तीसगढ़ में भी जटिल किडनी रोगों का आधुनिक और उच्च स्तरीय इलाज उपलब्ध है, जिससे मरीजों को बड़े महानगरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे। इसी कड़ी में अस्पताल के चिकित्सक डॉ. प्रशान्त सिंह ने भी अपनी किडनी दान कर दो जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दिया। डॉक्टरों का मानना है कि ऐसे प्रेरणादायक उदाहरण समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## एजुकेशन

# छात्र प्रमाण पत्र के साथ कॅरियर मार्गदर्शन से हुए लाभान्वित



**भिलाई।** नेशनवाइड काउंसिल फॉर मल्टीपर्पज एजुकेशन एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने हाउसिंग बोर्ड स्थित नैक-मीट अधिकृत केंद्र अपेक्स कंप्यूटर सेंटर हाउसिंग बोर्ड भिलाई में परीक्षा चक्र के विद्यार्थियों के लिए नैक-मीट अचीवमेंट अवार्ड एंड करियर ट्रांसफॉर्मेशन कार्यक्रम का आयोजन किया। सबसे पहले केंद्र के पूर्व प्रबंधक स्वर्गीय राजेंद्र डे के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। प्रबंध निदेशक डीएस भाटिया ने अनिंदिता डे के नाम संस्था की संबद्धता हस्तांतरित करते हुए आधिकारिक प्रमाण पत्र सौंपा। इसके बाद विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि छात्रों को करियर के लिए तैयार करना है। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की नौकरियों सहित छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की विस्तृत जानकारी दी। चेयरमैन हरीश अभीचंदानी के संदेश को साझा करते हुए बताया कि भारत सरकार के अधिनियम के तहत स्थापित यह स्वायत्त परिषद देश भर में रोजगारोन्मुखी तकनीकी शिक्षा प्रदान कर रही है। इस अवसर पर कनक देवांगन, नबनिता नायक, पूजा बेरा, निधि सिंह, सुदीप पाल, निकिता सिंह, काव्या प्रसाद, गायत्री साव, सीमा सिंह, सूरज कुमार, ज्योति साव, हिमांशु कुमार उके, वल्लभ कुंडेकर, महिमा राव जोशुआ, रितिका साइमन, अजय प्रकाश चौधरी सम्मानित किए गए।

## भिलाई के जयंती स्टेडियम से आज विशाल मैराथन का आयोजन

# श्री सत्य सांई की जन्म शताब्दी वर्ष पर मैराथन आज, 2 हजार से ज्यादा धावक लेंगे हिस्सा, वितरित किया टी-शर्ट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सत्य साई बाबा के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर श्रीसत्य साई सेवा संगठन द्वारा पूरे भारत में विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की सेवा एवं जन-जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भिलाई के जयंती स्टेडियम से आज विशाल मैराथन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें 2 हजार से ज्यादा धावक हिस्सा लेंगे। यह मैराथन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में फिट इंडिया कैंपेन के अंतर्गत किया जा रहा है। श्रीसत्य साई सेवा संगठन छत्तीसगढ़ द्वारा भिलाई में यह कार्यक्रम कराया जा रहा है। संगठन के जिला अध्यक्ष वी संदीप नायडू ने बताया कि भिलाई शहर में 15 मार्च की सुबह 6 बजे से जयंती स्टेडियम सेक्टर-10 में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए संगठन द्वारा लगभग 15 दिन पहले ही पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी, जिसमें 2301 प्रतिभागियों ने अपना पंजीयन कराया है। पंजीकृत प्रतिभागियों के लिए शनिवार की सुबह 9 से शाम 6 बजे तक टी-शर्ट वितरण किया गया।




### आयोजन की तैयारियों में जुटे हैं श्रद्धालु



यह आयोजन श्रीसत्य साई सेवा संगठन छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष डॉ टी रामा राव, डॉ. अरुण शिवम पटनायक राज्य प्रभारी और संदीप नायडू जिला अध्यक्ष, कार्यक्रम का समन्वय अंजलि पिल्लई राष्ट्रीय उप सेवादल समन्वयक और देवेंद्र स्वैन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजन में समिति संयोजक भिलाई मनीष कुमार, समिति संयोजक दुर्ग गौरव सिंह ठाकुर, श्याम, पूजा साहू, दिलीप ठाकुर, श्रीनिवास राव, अन्नपूर्णा राव, वीना सोनी, नंदा पिल्लई, सोमेश राव, प्रकाश राव, सौरभ पांडेय, संध्या चेट्टी, अंजनेय शर्मा, आर. शास्त्री, यमला साहू, नितिन नीमा, अशोक चौधरी सहित अनेक समर्पित साई सेवक, साई युवा और श्रद्धालु आयोजन की तैयारी में लगे हुए है।

### प्रतिभागियों को दिया जायेगा ई-प्रमाणपत्र

आयोजक संदीप नायडू ने बताया कि श्रीसत्य साई रन एंड राइड किसी प्रकार की प्रतियोगिता नहीं है, बल्कि यह शांति, एकता एवं सेवा की भावना को प्रोत्साहित करने वाला जन-जागरूकता अभियान है। यह आयोजन पारंपरिक मैराथन से भिन्न है, जिसमें विजय पराजय की कोई अवधारणा नहीं है। इसमें भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागी को स्मृति-चिह्न स्वरूप पदक मेडल प्रदान किया जाएगा तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता का ई-प्रमाणपत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर जिला प्रशासन, भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन, श्री सत्य साई सेवा संगठन तथा श्री सत्य साई ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक भी अपनी उपस्थिति देंगे।

## खबर संक्षेप

### कर्मा जयंती आज

**सेलूद।** पापमोचनी एकादशी के पावन अवसर पर 15 मार्च 2026 (रविवार) को साहू समाज की अधिष्ठात्री भक्त माता कर्मा की 1010वीं जयंती श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों में जयंती समारोह आयोजित किए जाएंगे। परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के अध्यक्ष किशन हिरवानी ने समाज के सभी पदाधिकारी एवं समाजजनों से इस पावन अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

### वार्षिक सम्मेलन आज

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ ठेठवार (यादव) समाज पाटन राज का वार्षिक सम्मेलन 15 मार्च रविवार को ग्राम तर्रा (लोहरसिंग) स्थित लताकुंज परिसर में आयोजित किया जाएगा। समाज के पाटन राज मीडिया प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज का वार्षिक सम्मेलन तर्रा की पावन धरा पर आयोजित किया जा रहा है।

## निधन

### राकेश पेंडारिया



**पाटन।** महामाया पारा पाटन वार्ड 12 के राकेश पेंडारिया 42 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार पाटन मुक्तिधाम में 15 मार्च को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे उत्तम पेंडारिया, नंदू पेंडारिया व रेखराम पेंडारिया के भाई थे।

### नैनचंद साहू



**अंजोरा।** ग्राम अंजोरा निवासी व बैधराज नैनचंद साहू का निधन 14 मार्च को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे रिखी राम साहू के पिता थे।

# भगवान राम की मूर्ति पहुंची जामगांव आर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर



सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर के पूर्व छात्र संदीप चंद्राकर द्वारा निर्मित भगवान श्री राम की भव्य मनमोहक मूर्ति शुक्रवार संध्या गाजे बाजे आतिशबाजी के साथ लाई गई। भगवान राम प्रतिमा की अगवानी में उड़ीसा के मूलभूत नर्तक के नृत्यों के साथ मंदिर तक पहुंचे। साथ में आरएसएस के जिला पदाधिकारी हलधर महमल्ला, सरपंच रूपेंद्र शुक्ला, कार सेवक जिलोखन चंद्राकर सरस्वती शिशु मंदिर जामगांव आर समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, व्यवस्थापक आसकरण जैन, समाज सेवी सुरेश जैन, ऋषि चंद्राकर चंद्रकैलाश जैन, भोला नरोत्तम साहू, राजा चंद्राकर राधेश्याम राठी, नारद साहू, अनिल देवांगन, मनीष चंद्राकर, किशोर साहू, तीरथ चंद्राकर, मोहन चन्द्राकार और कुंजी चंद्राकर आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण नर नारी बच्चे भक्तों ने भगवान राम प्रतिमा की भव्य स्वागत किया।

जामगांव आर में भव्य श्रीं राम मंदिर के निर्माण करता संदीप चंद्राकर ने बताया कि वैदिक विधि से पूजन आचार्य मिथलेश शर्मा परसताराई वाले 27 मार्च को भगवान श्रीं राम की प्राण प्रतिष्ठा की कराएंगे। तत्पश्चात कार सेवकों का सम्मान होगा। संध्या विवेक शर्मा ग्रुप की विशेष प्रस्तुति से भक्त मुग्ध होंगे। 26 मार्च को कलश यात्रा वेदी पूजन होगी।

# चार ट्रकों में लदी अवैध लकड़ी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ उतई



उप वन मंडलाधिकारी दुर्ग के मार्गदर्शन में अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए प्रतिबंधित कहुआ लकड़ी से लदे वाहनों को जब्त किया है। दुर्ग वन मण्डलाधिकारी दीपेश कपिल ने बताया कि ग्रामीण दुर्ग ग्रामीण व पाटन क्षेत्र में प्रतिबंधित लड़की की अवैध परिवहन की सूचना पर टीम बनाकर इन इलाकों में छापेमारी की कार्यवाही करते हुए 4 ट्रक पकड़े जिनमें प्रतिबंधित लकड़ी अवैध परिवहन किया जा रहा था इन ट्रकों के चालको ने वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिस पर वन अपराध दर्ज कर वाहनों को जप्त किया गया।

■ अवैध लकड़ी परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई

इन ट्रकों के माध्यम से अस पास के मिलो में लड़की खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। जिसमे वाहन क्रमांक वाहन क्रमांक सीजी 19 एच 0891 को कुम्हली से पौहा मार्ग से पर अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जप्ती की कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 91/6 वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 2585 को ग्राम मुड़पार से अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जप्ती की कार्यवाही कर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 72/4 वाहन क्रमांक सीजी 04 जेडी 2724 को कोनारी मार्ग में अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 5687/12 दिनांक 11/3/2026 पंजीबद्ध कर जप्त की कार्यवाही करते हुये वाहन मय काष्ठ को शासकीय डिपो पुलगांव दुर्ग लाया गया। वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 2849 को भिलाई 3 में अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर वन अपराध प्रकरण क्रमांक 79/12 पंजीबद्ध कर जप्त की कार्यवाही कर शासकीय डिपो पुलगांव, कुम्हारी, पाटन में रखा गया।

# अवैध प्लाटिंग के खिलाफ सदन में विधायक रिकेश का कड़ा रूख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने विधानसभा के बजट सत्र के दौरान दुर्ग जिले में फल-फूल रहे अवैध प्लाटिंग के कारोबार का मुद्दा प्रमुखता से उठाया है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार और राजस्व मंत्री का ध्यान उन हजारों आम नागरिकों की समस्याओं की ओर भी आकर्षित किया, जो सस्ते भूखंड के लालच में आकर अवैध प्लाटिंग का शिकार हो रहे हैं। सदन को संबोधित करते हुए विधायक सेन ने कहा कि भू-माफियाओं द्वारा शहर के बाहरी इलाकों और कृषि जमीनों पर बिना किसी मापदंड के प्लाट काट दिए जाते हैं। इन्हें कम दामों पर भोली-भाली जनता को बेच दिया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि इन क्षेत्रों में न तो नालियों की व्यवस्था होती है और न ही सुगम पहुंच मार्ग। रिकेश सेन ने रजिस्ट्री विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए पूछा कि जब संबंधित प्लाटिंग नियम अनुसार नहीं है और वहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव है, तो शासन के नियमों को ताक पर रख कर उन भूखंडों की रजिस्ट्री कैसे हो रही है? उन्होंने कहा कि जब लोग इन प्लाटों पर अपना आशियाना बनाना शुरू करते हैं तब उन्हें बुनियादी सुविधाओं के लिए दर-दर भटकना पड़ता है। विधायक रिकेश सेन ने राजस्व मंत्री से इस मामले में हस्तक्षेप कर ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बिना टाऊन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग की अनुमति और ले-आउट पास कराए किसी भी आवासीय भूखंड का विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाए। अवैध प्लाटिंग करने वाले कॉलोनाइजरों और इसमें संलिप्त अधिकारियों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। रजिस्ट्री से पहले यह सुनिश्चित किया जाए कि उक्त भूमि आवासीय उद्देश्य के लिए वैध है या नहीं। वैशाली नगर में कुछ समय से क्षेत्र के विभिन्न वार्डों और बाहरी कछार क्षेत्रों में भू-माफियाओं द्वारा शासन एवं नगर निगम के नियमों को ताक पर रख कर कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है।

# आरक्षक ने बंदूक के बट से युवक को मारा, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल



**भिलाई।** रात गश्त के दौरान एक पुलिस कर्मी बंदुक के बट से युवक को मारने का वीडियों सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। जिसे लेकर छावनी पुलिस पर कई सवाल खड़ा कर रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक छावनी के पावर हाउस रेलवे स्टेशन के पास की है। वीडियों में आरक्षक राकेश चौधरी के साथ एक अन्य पुलिस कर्मी भी आते दिख रहे है। जिसमें राकेश बंदुक पकड़कर आ रहा था। अचानक एक युवक को बंदुक के बट से मारते दिख रहा है। छावनी पुलिस की यह कार्य प्रणाली को देशभक्ति जन सेवा क्या कह सकते है? अब यह सवाल खड़ा हो रहा है कि परिसर में चार युवक खड़े थे उसमें तीन युवको के साथ आरक्षक हरकत नहीं किया। लेकिन एक के साथ बट से मारता दिखा है। उसमें एक युवक से आरक्षक हाथ मिलाते भी दिख रहा है। छावनी पुलिस का यह रवैया ऐसा जनता का हित है। फिलहाल यह वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में छावनी पुलिस के प्रति आक्रोश है। वहीं सीएसपी छावनी से बात करने पर उन्होंने बताया कि आरक्षक से पूछताछ करने पर मारने वाला आरक्षक के दोस्ती यारी होना बताया गया है। फिलहाल जांच के बाद ही सही जानकारी मिल पाएगी। छावनी पुलिस थाना क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहा है। अवैध कबाड, जुआ और सट्टा समेत कई अपराध हो रहे है। अंकुश लगने का नाम नहीं ले रहा है।यहां कटरबाजी कर निकलने वाले आरोपियों तक को पुलिस नहीं पकड़ पा रही है।

### निकुम में कर्मा जयंती आज

**निकुम।** साहू समाज निकुम के तत्वाधान में भक्त माँ कर्मा की जयंती 15 मार्च रविवार को धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें सत्यनारायण पूजा सुबह 10 बजे से होगी, वही कलश यात्रा होगी, जिसमें मुख्य अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण, अति विशिष्ट अतिथि ताम्रध्वज साहू पूर्व विधायक दुर्ग ग्रामीण, विशेष अतिथि घनश्याम साहू सहित अन्य सम्मानित अतिथि जनपद सदस्य लीलावती रूपेश देशमुख , निकुम सरपंच भागवत पटेल और उपसरपंच गोपेन्द्र साहू होंगे।

### नाचा गम्मत महोत्सव को लेकर बैठक 23 को

**अंडा।** नाचा गम्मत महोत्सव का आयोजन बालोद में किया जाना है। महोत्सव की तैयारी और आयोजन को लेकर प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कल्याण संघ के प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक 23 मार्च को सुबह 10 बजे ग्राम अंडा जिला दुर्ग में आहूत की गई है। संयोजन रूपेश देशमुख ने बताया कि 450 नाच पार्टियों को जोड़ा जा रहा है।

# कुम्हारी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी घोषित

**कुम्हारी।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। बीते दिनों जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) को प्रेषित प्रस्तावित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी की कार्यकारिणी सूची को अनुमोदन हेतु प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ को प्रेषित किया गया था। प्रस्तावित सूची को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने अनुमोदन प्रदान किया है। ब्लॉक अध्यक्ष मनहरण यादव ने बताया कि कार्यकारिणी में 25 पदों के अलावा 6 कार्यकारिणी सदस्यों को स्थान मिला है। पूर्व पार्षद एल्डरमैन सहित युवा सदस्यों अनुभवी महिलाओं के अलावा वरिष्ठ नेताओं को कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष के पद पर देवेंद्र कुमार साहू की नियुक्ति की गई है। वहीं महेश सोनकर अशोक साहू, शांति बाई टण्डन, आजूराम वर्मा, कमल कमलेशिया एवं ढालसिंग मारकंडे को संगठन में उपाध्यक्ष बनाया गया है। महामंत्री के पद पर थनेश पटेल, फुसनु कुर्रे, चुरामन ठाकुर, एस. लक्ष्मण राव, राजू मारकंडे, सूरज कुर्रे, गीतांजलि साहू एवं अलाउद्दीन की नियुक्ति हुई है। संगठन सचिव के पद पर भूपेंद्र पटेल, राजेश यादव, विनोद साहू, सुनील साहू, लक्ष्मण जगत, निशांत स्वर्णकार, दीपक साहू, सोनू ठाकर, शुभम साहू एवं तेजप्रताप ध्रुव को अवसर दिया गया है। वहीं कार्यकारिणी सदस्यों में सुरेश अग्रवाल, सालिक राम दुबे, तीजू राम निषाद, चैनसिंग साहू, लक्ष्मीनारायण मारकंडे एवं सीता साहू जैसे वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



खबर संक्षेप

## फर्जी आईडी बनाकर 1.49 लाख की धोखाधड़ी

**भिलाई।** मोबाइल गुम हो जाने पर अज्ञात आरोपी ने फर्जी यूपीआई बनाकर पति पत्नी के खातों से 1.49 लाख 590 रुपए ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। छावनी पुलिस ने बताया कि संतोषी पारा कैंप 2 भिलाई निवासी दुर्गा प्रसाद साहू एलआईसी में एजेंट के रूप में काम करते हैं। 27 फरवरी की शाम पावर हाउस सब्जी मार्केट सब्जी खरीदने गया था। उनका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया। पीड़ित ने नया सिम जारी करवाने के बाद उसे मोबाइल पर खाता से रकम निकलने का मैसेज आया। मैसेज देखने पर दुर्गा प्रसाद साहू तुरंत बैंक पहुंचा। तब पता चला कि उनके एक्सिस बैंक सुपेला स्थित खाते से यूपीआई के जरिए कई बार में रकम ट्रांसफर किया गया है। 27 फरवरी को 3300 रुपए, 28 फरवरी 840 रुपए और 4 मार्च 42 हजार, 50 हजार 49 हजार रुपए ट्रांसफर किया गया। पीड़ित के खाते से कुल 1 .45 लाख 140 रुपए निकलने की जानकारी मिली। दुर्गा प्रसाद साहू के मुताबिक उनके मोबाइल नंबर से पत्नी कविता साहू के बैंक खाता भी लिंक है। उन्होंने केनरा बैंक नंदनी रोड भिलाई में जाकर पत्नी के खाते की भी जांच कराई। जांच में पता चला कि यूपीआई के जरिए रकम निकाले गए हैं। 28 फरवरी को 280 रुपए, 1 मार्च को 2500 रुपए, 2 मार्च को 1670 रुपए ट्रांसफर किया गया। पत्नी के खाते से कुल 4450 रुपए पार किए गए है।

## पीएम आवास योजना में 18 मार्च तक दावा आपत्ति

**भिलाई।** प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस घटक में किरायेदारों से आवेदन आमंत्रित किये गये है। स्थलों पर आवास आबंटन हेतु कुल 391 आवेदन प्राप्त हुए है एवं पूर्ण आवेदनों की संख्या 382 है तथा अपूर्ण दस्तावेज जमा आवेदकों की संख्या 9 है। आवेदनों की सूची अपूर्ण दस्तावेज एवं पूर्ण दस्तावेज संलग्न कर 18 मार्च तक आपत्ति बुलाई गई।

### सफाई को लेकर रिसाली निगम की एमआईसी में बड़ा फैसला

# सफाई व्यवस्था व निविदा में देरी, अब 40 वार्डों की सफाई स्वयं करवाएगा रिसाली निगम

वर्तमान ठेका एजेंसी का कार्यकाल दो महीने बढ़ाने के बाद 15 मार्च को हो रहा है समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली निगम में सफाई को लेकर एमआईसी ने बड़ा निर्णय लिया है। चारों हिस्से की सफाई व्यवस्था निगम स्वयं करेगी। यानी निगम ठेके पर न देकर स्वयं अस्थाई कर्मियों की नियुक्ति करेगी और सफाई व्यवस्था संचालित करेगी।

ठेका एजेंसी एल्मेक कंपनी की सफाई ठेका एमआईसी ने जनवरी महीने में दो महीने के लिए बढ़ाई थी। शर्त यह भी थी कि एक महीने के भीतर नई निविदा सफाई की होनी चाहिए लेकिन यह अवधि बीत गई है। मौजूदा स्थिति को देखते हुए एमआईसी ने यह निर्णय पारित कर दिया है।




### पिछली एमआईसी में यह था प्रस्ताव

एमआईसी ने 7 जनवरी 2026की बैठक में सफाई व्यवस्था के लिए संकल्प पारित किया था। जिसमें डोर-टू-डोर कलेक्शन, नाली, सड़क, बाजार, सीवरेज आदि कार्य शामिल थे। निगम क्षेत्र के चारों ग्रुप्स (प्रस्ताव क्रमांक 12, 13, 14, 15) के समस्त वार्डों में सफाई कार्य हेतु वर्तमान एजेंसी मेसर्स एलमेक टेक्नोक्रेट्स को दो माह की समयावृद्धि दी जाए। यह कार्य पुरानी स्वीकृत दरों पर ही किया जाना था, जब तक कि वित्तीय वर्ष 2025-26 की नई निविदा प्रक्रिया पूर्ण न हो जाए। शर्त यह थी कि यदि एक माह के भीतर नई निविदा प्रक्रिया संपन्न नहीं होती है, तो संबंधित अधिकारी पर कार्यवाही की अनुशंसा की जाएगी।

### 45 दिनों तक प्लेसमेंट कर्मी की समय अवधि बढ़ाई

रिसाली निगम कें सफाई कार्य का ठेका नहीं होने तक कार्यरत प्लेसमेंट कर्मियों की समय अवधि बढ़ाए जाने पर चर्चा की गई। महापौर शशि सिन्हा, एमआईसी सदस्य संजू नेताम, रोहित धनकर, जहीर अब्बास, अनिल कुमार देशमुख, सनीर साहू, जमुना ठाकुर, ममता यादव, रंजीता बेनुआ, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे, सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता आदि इस बैठक में शामिल हुए। एमआईसी ने निर्णय लिया है कि सफाई कार्य की नई निविदा नहीं हो पाई है इसलिए 45 दिनों तक निगम के अधीन रह कर कार्य करते रहेंगे।

### वार्ड 18 में ओवर हेड टैंक की अनुमति

वार्ड क्रमांक 18 में ओवर हेड टैंक निर्माण कर जलप्रदाय करने प्रस्ताव रहा। इस पर प्रशासकीय स्वीकृति लिए जाने और निविदा आमंत्रित किया जाना है। इस एजेंडे को एमआईसी से सर्वसहमति से पारित किया। सूखे व गीले कचरे के प्रबंधन के लिए संयंत्र स्थापित किए जाने और संचालन के लिए पांच साल की प्रशासकीय स्वीकृति और निविदा आमंत्रण का प्रस्ताव एमआईसी के समक्ष आया। इस प्रस्ताव पर एमआईसी ने कहा है कि एमआईसी के बिना अनुमति और अनुमोदन के टेंडर प्रक्रिया की गई है इसलिए शासन का लिखित आदेश उपलब्ध कराया जाए। उसके बाद टेंडर प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए।

### इंदौर जाकर ठोस व अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन का करेंगे अवलोकन

एमआईसी ने इंदौर जाकर ठोस व अपशिष्ट पदार्थों का निष्पादन के तौर तरीकों का अवलोकन कर अध्ययन करने का प्रस्ताव भी लिया है। जिसमें महापौर, सभापति सहित सभी पार्षद व संबंधित अधिकारी जाएंगे। नगरोत्थान योजना अंतर्गत मुख्य मार्ग मैत्री कुंज से मधुरिशा फेस 03 तक एवं आजाद चौक से आत्मानंद स्कूल कृष्णा टाकीज रोड तक और श्री राम चौक से बालाजी अपार्टमेंट वार्ड 23 का सड़क विकास व चौड़ीकरण का एजेंडा आया। इस पर एमआईसी सदस्यों ने कहा है कि नस्ती में निविदाकारों से संबंधित दस्तावेज संलग्न नहीं है इसलिए इसे आगामी एमआईसी की बैठक में रखा जाए।

## कबाड़ी के कारोबारियों पर पुलिस का शिकंजा, लाखों का स्क्रैप जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ थाना मोहन नगर, सिटी कोतवाली दुर्ग, अंडा क्षेत्र में कार्रवाई

जिले में चल रहे अवैध कबाड़ियों के कारोबार में पुलिस ने अभियान चलाकर तीन थाना क्षेत्र दुर्ग कोतवाली, अंडा और मोहन नगर में कार्रवाई किया गया। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर तकियापारा, नयापारा रोड आरबीएस बस गैरेज के पास, मान होटल के पास मोतीपारा लुचकी तालाब के सामने तीन अलग-अलग व्यक्तियों द्वारा अवैध कबाड़ खरीदी-बिक्री कर रहे थे। दबिश देकर पुलिस ने केलाबाड़ी मस्जिद के पास दुर्ग निवासी मोहम्मद सलमान, तकियापारा वार्ड 8 मोहम्मद शोएब आजमी, मोहम्मद एजाज, तितुरडीह दिलबाग सिंह ढिल्लन उर्फ बागे,अंडा मोहम्मद जावेद को पकड़ा गया। कबाड़ियों से पुलिस ने थाना मोहन नगर से कबाड़ी दुकान 500 किलोग्राम पुराने लोहे के कार पाट्र्स 13,500 रुपये, अण्डा के विनायकपुर रोड स्थित एक कबाड़ी दुकान से 1.50 क्विंटल पुराना वाहन स्क्रैप एवं लोहे का कबाड़ 3,750 रुपये का जब्त किया गया। पुलिस ने एक नग लोहे की खिड़की, एक नग पुरानी साइकिल का कटा हुआ फ्रेम, साइकिल रिंग 6 नग (पुरानी), लूना वाहन के चक्का-ड्रम टायर 6, स्कूटर स्टेपनी टायर 2 नग (पुरानी) और लोहे के पाइप 6 नग (पुराने), सरिया रॉड 10 एमएम लगभग 60 किलोग्राम का जब्त किया है।

## नो-एंट्री में वाहन खड़े करने वाले 12 वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** नो एंट्री में वाहन खड़ी करने वाले चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने 12 चालको पर कार्रवाई किया है। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि 13 - 14 मार्च को प्रातः लगभग 6:30 बजे, रात 8 बजे ट्रैफिक पुलिस दुर्ग द्वारा दुर्ग से नेहरू नगर की ओर आने वाले मार्ग पर नो-एंट्री व्यवस्था का उल्लंघन किया जा रहा है। जांच के दौरान नो-एंट्री अवधि में शहर के भीतर प्रवेश कर रहे भारी वाहनों को रोककर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 115/194 के तहत कुल 12 भारी वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई। शहर क्षेत्र में प्रातःकालीन समय में आम नागरिकों, विद्यार्थियों एवं कार्यालयीन कर्मचारियों का आवागमन अधिक रहता है। ऐसे समय में भारी वाहनों के प्रवेश से सड़क हादसों की संभावना बढ़ने , ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए शहर में भारी वाहनों के प्रवेश हेतु समय-नर्धािरण किया गया है। निर्धारित व्यवस्था के मुताबिक प्रातः से दोपहर तक शहर क्षेत्र में नो-एंट्री प्रभावी रहती है। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक सीमित अवधि के लिए भारी वाहनों को प्रवेश की अनुमति दी जाती है। कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस दुर्ग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से जांच अभियान संचालित कर

## सतनाम सिंह बने असंगठित कामगार कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष

**भिलाई।** भिलाई शहर के सतनाम सिंह को अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सतनाम सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साह, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंद, विधायक देवेद्र यादव, असंगठित कामगार के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर, भिलाई अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित कांग्रेस नेतृत्व का आभार



जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेदारी दी है, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। प्रदेश के मेहनतकश वर्ग की आवाज को मजबूत करेंगे।र सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय रहे हैं। संगठनात्मक निष्ठा, संघर्षशील कार्यशैली और जमीनी पकड़ को देखते हुए उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। नियुक्ति के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं और श्रमिक संगठनों में हर्ष का माहौल है।

## पुलिस कर्मियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस कर्मियों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ट्रैफिक ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान की गई। शिविर में पुलिस कर्मियों का किडनी, बीपी ,शुगर सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों



द्वारा स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर आवश्यक उपचार, सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। परीक्षण शिविर के आयोजन में आरोग्यम अस्पताल की टीम से सुमित घोसल (जीएम), डॉ. बाली, नर्सिंग स्टाफ मनीषा, खिलेश्वरी, अटेंडर आरती, संदीप सोनी , हेमंत यादव मौजूद थे।










संकलनकर्ता : आसकरण जैन वरिष्ठ पत्रकार जामगांव आर मो. 94062 68237


माननीय
श्री विजय बघेल जी
को जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं...
संजय बघेल
शशि बघेल
राकेश खिचरिया
दीपक चन्द्राकर (पप्पू)
प्रमोद सिंह
प्रकाश चन्द्राकर
परमजीत सिंह (टोनी)
राजा पाठक
राजेश चंद्राकर
सोनूराम सिंह
रंजीत ठाकुर
भानू प्रताप सिंह
नारद साहू
कमलेश चन्द्राकर
कमलेश साहू
ज्योति प्रकाश साहू
रानी बंछोर
निर्मल जैन
अखिलेश मिश्रा
लोकमणी चन्द्राकर
लालेश्वर साहू
खेमलाल साहू
हर्षा लोकमणी चन्द्राकर
अजय बघेल
पोषण वर्मा
बाबा वर्मा
सुरेन्द्र साहू
राजेश वर्मा
रंजीत सिंह
रामकुमार धनकर
विधि यादव
बंटी यादव
अजीत ठाकुर
शुभम शर्मा
खेमलाल देशलहरा
रामकुमार चन्द्राकर
अरविंदर खुराना
विनय चन्द्राकर
सुरेन्द्र वर्मा
सुनील वर्मा
अनुप चन्द्राकर
कुलदीप बैसवाड़े
विनोद उपाध्याय
हर्ष भाले
रज्जु सोनी
नरेश केला
संदीप चंद्राकर
अरूण सिंह
मनमोहन शर्मा
मनोज शर्मा
विपिन चन्द्राकर
राजेश जैन
प्रमोद सावंत
धनराज साहू
आशीष यादव
कृष्ण मोहन यादव
शंकर वर्मा
कैलाश यादव
प्रकाश यादव
आयुष भगत
रविन्द्र सिंह (रोमी)